# –प्रेस नोट–

# जनपद मुजफ्फरनगर
# दिनांक 12.04.2024

➢ **थाना नई मण्डी पुलिस द्वारा 01 चोर अभियुक्त अवैध शस्त्र व चोरी के सामान सहित गिरफ्तार–**

दिनांक 11.04.2024 को प्रभारी निरीक्षक श्री बबलू सिंह वर्मा मय हमराहीगण द्वारा थाना नई मण्डी पर पंजीकृत चोरी के अभियोग 118/2024 धारा 454/380 भादवि का सफल अनावरण करते हुए 01 चोर अभियुक्त मन्नू पुत्र धर्मऋषि निवासी अर्जुन नगर कूकड़ा थाना नई मण्ड़ी मुजफ्फरनगर को श्री राम कॉलोनी से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 02 अंगूठी पीली धातु, 01 ओम पीली धातु, 01 मंगल सूत्र पीली धातु, 06 जोड़ी बिछुआ सफेद धातु, 01 तमंचा मय 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना नई मण्ड़ी पुलिस द्वारा चोरी के अभियोग में धारा 411 की वृद्धि की गयी तथा मु0अ0सं0– 135/2024 धारा 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया।

➢ **थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार–**

दिनांक 11.04.2024 को थाना कोतवाली नगर पर नियुक्त उ0नि0 श्री आन्नद कुमार मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0– 169/2024 धारा 307 भादवि में वांछित अभियुक्त दीपक पुत्र जयप्रकाश निवासी ग्राम सादपुर थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर को ग्राम शेरपुर में बलराम के ईंट भट्टे से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त फावड़ा बरामद किया गया।

➢ **थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार–**

दिनांक 11.04.2024 को थाना कोतवाली नगर पर नियुक्त उ0नि0 श्री धर्मेन्द्र श्यौराण मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0– 168/2024 धारा 452/307/324/504/506 भादवि में वांछित अभियुक्त शावेज पुत्र कल्लू उर्फ इमरान निवासी खुर्जा वाला इमामबाड़ा दक्षिणी खालापार, थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर को सुजडू रोड गहरा बाग बाल्मिकी बस्ती तिराहे से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक् के कब्जे से 01 चाकू (घटना में प्रयुक्त) बरामद किया गया।

➢ **थाना नई मण्ड़ी पुलिस द्वारा 02 चोर अभियुक्तगण गिरफ्तार–**

दिनांक 12.04.2024 को प्रभारी निरीक्षक श्री बबलू सिंह वर्मा थाना नई मण्डी मय हमराहीगण द्वारा चोरी के अभियोग 132/2024 धारा 380 भादवि का अनावरण करते हुए 02 चोर अभियुक्तगण 1– राहुल पुत्र बिजेन्द्र 2– शुभम पुत्र मदनलाल निवासीगण ग्राम अलमासपुर थाना नई मण्डी, मुजफ्फरनगर को सिलाजुड्डी के जंगल से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से 03 केबल को टुकड़े व 01 कटआउट बरामद किया गया। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना नई मण्डी पुलिस द्वारा पंजीकृत अभियोग में धारा 411 भादवि की वृद्धि की गयी।

➢ **थाना बुढ़ाना पुलिस द्वारा अवैध शराब सहित 01 अभियुक्त गिरफ्तार–**

दिनांक 12.04.2024 को थाना बुढ़ाना पर नियुक्त उ0नि0 श्री सन्दीप चौधरी मय हमराहीगण द्वारा दौराने पुलिस चौकिंग 01 शातिर तस्कर अभियुक्त राहुल पुत्र नरेश उर्फ रमेश निवासी सूरजपुर थाना डिडौली, अमरोहा को उमरपुर चौकी से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 135 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब (चंडीगढ निर्मित) तथा 01 पिक–अप गाड़ी नंबर– यूपी 23 एटी 5702 (तस्करी में प्रयुक्त)बरामद की गयी। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना बुढ़ाना पुलिस द्वारा मु0अ0सं0– 143/2024 धारा 60/63/72 आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया।

➢ **<u>थाना छपार पुलिस द्वारा 03 शातिर चोर अभियुक्तगण गिरफ्तार चोरी के 01 अभियोग का सफल अनावरण–</u>**

दिनांक 12.04.2024 को थाना छपार पर नियुक्त उ0नि0 श्री नवीन कुमार गौतम मय हमराहीगण द्वारा 03 शातिर चोर अभियुक्तगण ऋतुराज उर्फ दिपांशु पुत्र राजवीर निवासी टावर वाली गली सिद्धार्थनगर थाना टी.पी. नगर, मेरठ 2– आकाश पुत्र जिले निवासी लल्लापुरा नई बस्ती थाना टी.पी. नगर, मेरठ 3– सौरभ पुत्र विनोद कुमार निवासी रामलीला ग्राउन्ड थाना टी.पी. नगर, मेरठ को रोहाना सहरानपुर रोड पर सीएनजी पम्प के पास फ्लाईओवर के नीचे से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से 01 रेडमी मोबाईल (मु0अ0सं0– 82/2024 धारा 379 भादवि थाना मन्सूरपुर से सम्बन्धित) ,02 की– पैड मोबाईल तथा 03 नाजायज चाकू एवं 01 मोटरसाईकिल यूपी 15 सीएफ 2047 (घटना में प्रयुक्त) बरामद की गयी। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना छपार पुलिस द्वारा मु0अ0सं0– 93/2024 धारा 411 भादवि व 4/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया।

➢ **<u>थाना भोपा पुलिस द्वारा अवैध शराब सहित 01 अभियुक्त गिरफ्तार–</u>**

दिनांक 12.04.2024 को थाना भोपा पर नियुक्त उ0नि0 श्री लाल सिंह मय हमराहीगण द्वारा 01 अभियुक्त बुद्धन सिंह पुत्र मांगेराम निवासी ग्राम अथाई थाना भोपा, मुजफ्फरनगर को ग्राम युसुफपुर से अथाई मार्ग पर टयूबवैल के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 02 कैन में 40 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गयी। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना भोपा पुलिस द्वारा मु0अ0सं0– 91/2024 धारा 60(1) आबकारी अधिनियम पंजीकृत किया गया।